06 आज किया जाएगा तीन दिवसीय शिव महापुराण ...



08 सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रतिभावान बालक ...






## नगर परिषद द्वारा भी ठेकेदार को दी गई है समझाइश, फिर भी मनमानी पर उतारू है ठेकेदार

# मनमानी: न लोगों की चिंता, न ही प्रशासन का भय, ठेकेदार कर रहा मनमानी से काम

### भैरूंदा में चल रहे सीवरेज पाइप लाइन में लगातार सामने आ रही लापरवाही, नहीं किया जा रहा सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा





सीहोर जिले के भैरुंदा में 39 करोड़ की लागत से सीवरेज लाइन का काम चल रहा है। इसके लिए अंडर लाइन खोदी जा रही है और पाइप बिछाए जा रहे हैं, लेकिन यह सीवरेज लाइन नगरवासियों के लिए सुविधा की जगह आफत बनती जा रही है। सीवरेज लाइन का काम करने वाली कंपनी अवेन गोवा द्वारा मुख्य सड़क सहित जगह-जगह पाइन लाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गई हैं, लेकिन इन सड़कों की मरम्मत नहीं की गई। इसके कारण बने गड्डो में आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। गत दिवस भी रेत का ट्राला इसके गड्डे में पलटी खाकर गिर गया था। इससे पहले भी कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। अब यहां पर नगर में सप्लाई होने वाली पानी की पाइप लाइन भी फूट गई है। इसके कारण इन गड्डो में पानी भरा हुआ है और यह पीने के पानी को भी दूषित कर रहा है।

### मनमानी से चल रहा कंपनी का काम

सीवरेज लाइन का काम करने वाली कंपनी अवेन गोवा द्वारा मुख्य मार्ग के आसपास खोदी गई सड़कों के कारण आमजन भी परेशान हैं, क्योंकि यहां दुर्घटना होने से चक्काजाम भी आम हो गया है। उल्लेखनीय है कि भैरुंदा के 15 वार्डों में 39 करोड़ की लागत से सीवरेज लाइन प्रोजेक्ट का काम किया जा रहा है। कई जगह काम हो चुका है तो कई जगह चल रहा है। जहां काम पूरा हो चुका है वहां भी सड़कों की मरम्मत नहीं की गई है, जो लोगों के लिए समस्या का कारण बन रही है। सीवरेज लाइन के काम से पैदा हुई मुश्किलों को झेलने वाले नगरवासियों की इस तकलीफ को नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर भली-भांति महसूस कर चुके हैं। उन्होंने भी जिम्मेदारों को निर्देशित किया है।

### ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही

भैरुंदा में संचालित सीवरेज लाइन का काम आम लोगों के लिए सुविधा के बजाय सिरदर्द ज्यादा बनता नजर आ रहा है। यहां ठेकेदार द्वारा बरती गई घोर लापरवाही के कारण लाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदने के बाद दोबारा उनकी मरम्मत नहीं की जा रही है, जिससे रहवासियों और राहगीरों को अनावश्यक मुश्किलें झेलने पर मजबूर होना पड़ रहा है। ठेकेदार की सुस्ती और लापरवाही का शिकार होने वालों में नगर के वार्डों की गली की सड़क को सीवरेज के नाम पर खोदने के बाद ठेकेदार उसकी मरम्मत नहीं करवा रहे हैं। परिणामस्वरूप लापरवाह ठेकेदार की इस करनी की सजा रहवासियों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करके भुगतना पड़ रही है। यह उबड़-खाबड़ सड़क नगर के कई वार्डों में है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग निकलते हैं। इतना ही नहीं लंबे समय से खुदी पड़ी इस सड़क के गड्डों में बीते दिनों हुए कई हादसों के कारण जनहानि की भी संभावनाएं बनी रहती हैं।

### बारिश से पहले नहीं हुआ काम तो होगी परेशानी

जिस तरह से ठेकेदार द्वारा काम किया जा रहा है उससे लगता है कि यह काम बारिश से पहले खत्म नहीं होगा। यदि बारिश से पहले काम पूरा नहीं हुआ तो बारिश में ये गड्ढे आम लोगों के लिए ज्यादा परेशानी का कारण बन जाएंगे। उल्लेखनीय है कि शहर के सभी 15 वार्डों में 39 करोड़ की लागत से सीवरेज लाइन प्रोजेक्ट का काम किया जा रहा है। कई जगह काम हो चुका है तो कई जगह चल रहा है, लेकिन जहां काम पूरा हो चुका है वहां भी सड़कों की मरम्मत नहीं की जा रही है, जो लोगों के लिए समस्या का कारण बन रही है। सीवरेज लाईन के काम से पैदा हुई मुश्किलों को झेलने वाले नगरवासियों की इस तकलीफ को नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर भी महसूस कर चुके। बदहाल स्थिति देखकर इसकी जल्दी मरम्मत करवाने के लिए जिम्मेदारों को निर्देशित किया गया है, लेकिन लंबा वक्त बीतने के बावजूद सड़क में सुधार नहीं किया गया है।

### अब पाइप लाइन फूटी, मिल रहा दूषित जल

सीवरेज लाइन का काम करने वाली कंपनी अवेन गोवा की लापरवाही के कारण अब नगरवासियों को पेयजल उपलब्ध कराने वाली पाइप लाइन भी फूट गई है। इसके कारण जहां पेयजल की समस्या हो रही है तो वहीं पाईप लाइन में दूषित जल भी मिल रहा है। दरअसल नगर के मुख्य मार्ग स्थित एक निजी स्कूल के पास सीवरेज लाइन के कारण पानी की लाइन फूट गई है। इसके कारण जहां हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है तो वहीं इस पाइप लाइन में दूषित पानी भी मिल रहा है, जो लोगों के घरों में पहुंच रहा है। अब लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं।

### जल्द ही मरम्मत करा दी जाएगी

नगर में सीवरेज लाइन का कार्य किया जा रहा है, जिसमें मुख्य मार्ग पर खुदाई की गई थी। उसमें पूर्णरूप से भर्ती नहीं की गई है। इससे लोगों को परेशानियां आ रही हैं। इसके कारण अब पाइप लाइन भी फूट गई है। कंपनी के अधिकारी व ठेकेदार को भी इस संबंध में अवगत करा दिया गया है। जो पाइप लाइन फूटी हुई है उसकी मरम्मत का कार्य जल्द ही कराया जाएगा।

**मारुति शिशिर**, नप अध्यक्ष भैरुंदा

### फूटी लाइन ठीक कराई जाएगी

सीवरेज लाइन के काम की अंतिम डेडलाइन 30 जून तक है। इस तय डेडलाइन तक काम खत्म कर दिया जाएगा। पानी की जो लाइन फूटी है वह नगर परिषद द्वारा ठीक कराई जाएगी।

**प्रमोद रावत**, इंजीनियर, अवेन गोवा

## खबर संक्षेप

### मतदाताओं से कलेक्टर ने की मतदान करने की अपील

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने जिले के समस्त मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक मतदान कर देश के विकास में सहभागी बनने की अपील की है। उन्होंने अपील में कहा कि सभी मतदाता बिना किसी प्रलोभन के स्व-विवेक से 13 मई को अपने मतदान केन्द्र में पहुंचकर मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में अधिक से अधिक मतदान कर जिले को नंबर वन बनाएं। कलेक्टर सिंह ने मतदाताओं से कहा कि अपने परिजनों, पड़ोस तथा मोहल्ले के मतदाताओं को लोकतंत्र में मतदाता के महत्व को बताते हुए प्रेरित करें कि अपने मतदान केन्द्र जाकर मतदान अवश्यक करें। उन्होंने युवा मतदाताओं से कहा है कि जो युवा मतदाता, पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग कर वोट डालेंगे वे सभी मतदान करें और सीहोर जिले को सर्वाधिक मतदान करने वाला नंबर वन जिला बनाएं।

### बीयू ने टाइम टेबल बदला, रविवार को नहीं होगी परीक्षा

**सीहोर।** बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी (बीयू) ने अंडर ग्रेजुएशन (यूजी) कोर्सेस बीए, बीबीए, बीकॉम, बीएससी थर्ड ईयर के एग्जाम टाइम टेबल में बदलाव किया है। परीक्षा 16 मई से शुरु होगी। लेकिन 26 मई को आयोजित होने वाला प्रश्न-पत्र अब 27 मई को होगा, क्योंकि यूनिवर्सिटी ने रविवार को भी परीक्षा कराने की तारीख टाइम टेबल में शामिल कर ली थी। इस पर कॉलेजों ने आपत्ति जताई। जिसके बाद विश्व विद्यालय ने रविवार को परीक्षा आयोजित नहीं कराने का निर्णय लिया। हालांकि इस बदलाव से परीक्षा की कुल समय अवधि पर कोई फर्म नहीं पड़ेगा। इससे पहले विश्व विद्यालय कोई भी पेपर स्थगित करता था तो उसे परीक्षा के दौरान सबसे आखिरी में आयोजित कराने की तारीख तय की जाती थी।

### राज्य वन सेवा प्रमुख परीक्षा 14 तक

**सीहोर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने राज्य वन सेवा (मेन्स) परीक्षा के लिए आवेदन 14 मई तक किए जा सकेंगे। आवेदन दोपहर 12 तक ही किए जा सकेंगे। अभ्यर्थी अधिकारिक वेबसाइट mppsc.mp.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। फार्म को 16 मई तक एडिट किया जा सकता है। अभ्यर्थी एसएफएस मुख्य परीक्षा 30 जून को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित की जाएगी। मुख्य परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड 23 जून को जारी किए जाएंगे। आवेदन करने वाले अनारक्षित श्रेणी के आवेदकों को 800 रुपए फीस देना होगी।

# कार्रवाई: लगातार दूसरे दिन 2 मोटर पंप जब्त प्रतिबंध के बावजूद किसान ले रहे थे पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



काहिरी बंधान पर पानी की सुरक्षा के लिए प्रशासनिक अमला तैनात कर दिया है। यह अमला दिन और रात के समय बंधान में एकत्रित पानी की पहरेदारी कर रहा है। यहां से पानी खींचने वाले ग्रामीणों की मोटर पंप जब्त करने की कार्रवाई भी की जा रही है। लगातार दूसरे दिन शनिवार को अमले ने यहां से 2 मोटर पंप जब्त किए हैं।

बता दें कि शहर में काहिरी बंधान और जमोनिया तालाब से पेयजल की सप्लाई होती है। ऐसे में यहां का पानी शहर के पेयजल के लिए आरक्षित किया गया है। लेकिन इसके बाद भी किसान यहां से लगातार पानी खींच रहे हैं। सीहोर और शाजापुर जिले की सीमा के बीच पार्वती में सीहोर के साथ-साथ शाजापुर जिले के किसान भी पानी खींचते हैं। ऐसे में जिले का अमला सीहोर क्षेत्र में तो कार्रवाई कर लेता है, लेकिन शाजापुर जिले में कार्रवाई के लिए जाते हैं तो ग्रामीण विरोध पर उतर आते हैं। संयुक्त टीम का गठन पानी की कर रहे निगरानी कलेक्टर ने पानी की सुरक्षा के लिए राजस्व, एसडीआरएफ तथा नगर पालिका की संयुक्त टीम का गठन कर पानी की सुरक्षा के लिए तैनात की। इस टीम का नेतृत्व तहसीलदार भरत नायक कर रहे हैं। शुक्रवार को भी टीम ने दो मोटर पंप जब्त की थीं। वहीं शनिवार को फिर से कार्रवाई करते हुए काहिरी कदीम में पार्वती नदी से अवैध रूप से पानी खींचते हुए दो मोटर जब्त की गई। इधर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने संयुक्त अमले को नियमित रूप से भ्रमण करने तथा अवैध रूप से पानी का दोहन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### दलित युवक को दबंगों ने पीटा, मामला दर्ज

**सीहोर।** दलित प्रताड़ना और उनसे भेदभाव की घटनाएं जिले में थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जिले के बिलकिसगंज थाने के तहत हाल ही में मामला प्रकाश में आया है। यहां पर गांव के जातिवादी मानसिकता के लोगों ने एक दलित युवक के साथ मारपीट कर उसकी जाति को लेकर अपमानित किया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बता दें कि ग्राम बिलकिसगंज में रहने वाले 23 वर्षीय रूपेश जांगड़े ने बताया कि 7 मई की शाम को गांव के ही कपिल शर्मा, रवि शर्मा और नंदी महाराज ने उसे कोलार रोड पर रोका और जातिसूचक गालियां देने लगे। जब मैंने इसका विरोध किया तो उन्होंने मुझे बेरहमी से पीटा।

### 15 मई तक होगी अंकों की प्रविष्टि

**सीहोर।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 2023-24 में कक्षा 9वीं-11वीं के लिए अंक प्रविष्टि की तारीख बढ़ा दी है। अब यह 15 मई तक की जा सकेगी। इससे पहले अंकों की प्रविष्टि की अंतिम तारीख 15 अप्रैल थी। जो छात्र इन कक्षाओं को पास कर चुके हैं उन्हें अपने नंबर पोर्टल के माध्यम से मंडल को भेजना होते हैं। इसके लिए अंकों की एंट्री ऑनलाइन करनी होती है। अब इसके लिए समय अवधि बढ़ा दी है।

# देवास संसदीय क्षेत्र के तहत जिले के आष्टा विधानसभा में मतदान आज

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया कि देवास संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आष्टा विधानसभा के लिए 13 मई को मतदान होगा। उन्होंने बताया कि आष्टा विधानसभा में 335 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 20 मतदान केंद्र पूरी तरह महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 61 मतदान केंद्र क्रिटिकल तथा 02 वल्नेबल मतदान केंद्र हैं। चौथे चरण की मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए 2000 से अधिक अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि 36 सेक्टर अधिकारी 36 पुलिस सेक्टर अधिकारी 06 एसएसटी तथा 04 एफएसटी दल आचार संहिता प्रभावशील होने के समय से ही क्रियाशील हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया कि आष्टा विधानसभा के अंतर्गत 279449 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें 144242 पुरुष मतदाता, 135205 महिला मतदाता और 02 अन्य मतदाता शामिल है। आष्टा विधानसभा में 18-19 वर्ष की आयु वर्ग के 10135 मतदाता है। अस्सी वर्ष से अधिक आयु के 5458 मतदाता एवं सर्विस मतदाताओं की संख्या 395 है।

**मतदान के लिए बनाए गए हैं 335 मतदान केंद्र :** देवास संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आष्टा विधानसभा क्षेत्र में कुल 335 मतदान केंद्र है। जिनमें नगरीय 61 एवं 274 ग्रामीण मतदान केंद्र शामिल है। इसमें 20 मतदान केंद्र केवल महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित किए जाएगें।

**क्रिटिकल मतदान केंद्र :** आष्टा विधानसभा के अंतर्गत 335 मतदान केंद्रों में से 61 क्रिटिकल तथा 2 वल्नरेबल मतदान केंद्र हैं।

**मतदान के लिए 2000 अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तीसरे चरण में लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जा चुका है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह द्वारा चौथे चरण की निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए गत दिवस विभिन्न जिला अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रक्रिया के तहत संसदीय क्षेत्र-21 देवास के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र आष्टा में मतदान कर्मी 1576, सेक्टर अधिकारी एवं कार्यपालिका मजिस्ट्रेट 36, सेक्टर पुलिस अधिकारी 36 और एसएसटी 06, एफएसटी 04 दल तैनात किए गए हैं । इसके साथ ही विशेष पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

**279449 मतदाता करेंगे मताधिकार का उपयोग:** लोकसभा संसदीय क्षेत्र देवास के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र आष्टा में कुल 279449 मतदाता है। जिनमें 144242 पुरुष मतदाता, 135205 महिला मतदाता और 02 अन्य मतदाता शामिल है। आष्टा विधानसभा में 18-19 वर्ष की आयु वर्ग के 10135 मतदाता है। अस्सी वर्ष से अधिक आयु के 5458 मतदाता एवं सर्विस मतदाताओं की संख्या 395 है।

## कलेक्टर-एसपी की उपस्थिति में शहीद भगत सिंह महाविद्यालय से मतदान सामग्री वितरित

# मतदान केंद्रों की ओर पूरे उत्साह के साथ मतदान दल रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



चौथे चरण के लोकसभा चुनाव के तहत देवास संसदीय क्षेत्र के लिए 13 मई को मतदान होगा। देवास संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सीहोर जिले की आष्टा विधानसभा में मतदान के लिए शहीद भगत सिंह महाविद्यालय आष्टा से मतदान दलों को चुनाव सामग्री वितरित की गई। मतदान दल पूरे उत्साह के साथ मतदान केन्द्रों की ओर रवाना हो गए हैं। मतदान सामग्री वितरण के दौरान कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं एसपी मयंक अवस्थी ने सामग्री वितरण स्थल का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**सामग्री वितरण स्थल पर बनाया गया हेल्थ सेंटर :** आष्टा में मतदान सामग्री वितरण स्थल पर हेल्थ सेंटर बनाया गया। हेल्थ सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ ही पैरा मेडीकल स्टॉफ की ड्यूटी लागाई गई, ताकि किसी भी मतदान कर्मी को स्वास्थ्य उपचार की आवश्यकता पड़ने पर उसे तत्काल मेडिकल हेल्प मुहैया करायी जा सकें। इसके साथ ही मतदान दलों को दवाओं की किट भी प्रदान की गई।

**शीतल पेयजल एवं कैंटीन की व्यवस्था :** सामग्री वितरण स्थल पर कर्मचारियों की सुविधा के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित कैंटीन सामग्री वितरण स्थल पर लगाई गई जिसमें अनेक मतदान दलों एवं अन्य निर्वाचन कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा स्वल्पाहार किया गया।

### मतदान केंद्र पहुंचने पर मतदान दलों का किया स्वागत



लोकसभा निर्वाचन के चौथे चरण में देवास संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सीहोर जिले की आष्टा विधानसभा के लिए 13 मई को मतदान होगा। आष्टा तहसील मुख्यालय स्थित शहीद भगत सिंह महाविद्यालय से मतदान सामग्री लेकर मतदान दल अपने निर्धारित केन्द्रों पर रवाना हो गए हैं। मतदान दलों के मतदान केन्द्र पहुंचने पर दल के सदस्यों का तिलक लगाकर, फूल माला पहनाकर तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। मतदान दल के सदस्य भी स्वागत सत्कार से अभिभूत हो गए। मतदान केंद्र पहुंचने से पहले मतदान केन्द्रों को रंगोली और तोरण द्वार तथा फूलों तथा गुब्बारों से सजाया गया। स्थानीय कर्मचारी मतदान दलों के सहयोग के लिए पूरी तत्परता और आत्मीयता के साथ उपस्थित हैं। मतदान केंद्रों में गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदाताओं की सुविधा के लिए टेंट, कुर्सी तथा पीने के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है।

# 39 डिग्री दर्ज हुआ अधिकतम तापमान : विभाग का अनुमान बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में बीते 24 घंटे के दौरान इस माह में पहली बार ऐसा हुआ है जब रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हुई है और दिन का तापमान घटा है। बता दें, बीते 7 दिनों से अधिकतम तापमान 42 डिग्री के ऊपर चल रहा था, लेकिन रविवार का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। जबकि रात का तापमान 23 डिग्री सेल्सियस चल रहा था जो आज 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार अप्रैल माह की तरह मई माह में भी अब वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव नजर आने लगा है। मौसम विभाग का पूर्व अनुमान है कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण शाम के समय तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। अभी उत्तर पश्चिम से हवाएं चल रही है, आसमान पर हल्के बादल छाना शुरू हो गए हैं। जिसके कारण तापमान में गिरावट दर्ज हुई है।

शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ एस एस तोमर ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है और वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव इस समय एक्टिव है। जिसके कारण शाम के समय मौसम का मिजाज बदल सकता है और बारिश होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### डिप्लोमा फार्मेसी सेकंड ईयर परीक्षा 20 से

**सीहोर।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) की डिप्लोमा फार्मेसी के सेकंड ईयर की परीक्षा के लिए टाइम टेबल जारी कर दिया है। परीक्षा 20 मई से शुरु होगी। परीक्षा का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे रहेगा। परीक्षा का टाइमटेबल लोकसभा चुनाव को देखते हुए तैयार किया गया है। बता दें कि प्रदेश में चार चरणों में चुनाव 13 मई तक समाप्त हो जाएगा।

### रिसर्च ऑफिसर पदों पर निकाली भर्ती

**सीहोर।** नाबार्ड बैंकर्स इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट ने रिसर्च ऑफिसर के पदों पर भर्ती निकाली है। इन पर भर्ती के लिए उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट nabard.org पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता के तहत मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय, अनुसंधान संस्थान से पीजी की डिग्री, अर्थशास्त्र, विकास अध्ययन, सांख्यिकी, डेटा-विज्ञान के क्षेत्र में पीजी डिग्री संबंधित विषय में एमफिल या समकक्ष अर्थशास्त्र, माइक्रो फाइनेंस, विकास अध्ययन के क्षेत्र में रिसर्च करने का कम से कम दो साल का अनुभव होना चाहिए।

### कर्मचारी राज्य बीमा निगम में निकली भर्ती

**सीहोर** । कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने रेग्युलर स्पेशलिस्ट (एफटीएस), अंशकालिक स्पेशलिस्ट के पदों को भरने के लिए वैकेंसी निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट esic.gov.in पर जाकर एप्लाई कर सकते हैं। मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पीजी डिग्री या समकक्ष, पीजी डिप्लोमा के साथ एमबीबीएस की डिग्री होना चाहिए। मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया, स्टेट मेडिकल काउंसिल के साथ रजिस्टर्ड होना चाहिए। उम्मीदवारों के पास 3 साल के अनुभव के साथ पीजी डिग्री या पीजी के बाद अपनी स्पेशलिस्ट में 5 साल के अनुभव के साथ पीजी डिप्लोमा होना चाहिए।

### नवोदय विद्यालय में 500 शैक्षणिक पदों पर भर्ती

**सीहोर।** नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) भोपाल ने टीजीटी और पीजीटी के 500 पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार www.navodaya.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। पीजीटी के लिए संबंधित विषय में मास्टर डिग्री, साथ में बीएड होना जरूरी है।

कच्ची सड़क होने से गढ्डों और धूल की समस्या बनी रहती है, जिम्मेदार भी नहीं दे रहे ध्यान

# कई गांव आजादी के 75 साल बाद भी पहुंच विहीन आदिवासी अंचल के गांव की डगर नहीं है आसान

गांव के मुख्य मार्गों पर नहीं पक्की सड़कें, बारिश में ग्रामीण, मरीज और विद्यार्थियों को होना पड़ता है परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

तहसील क्षेत्र के कई गांव में आजादी के 75सालों बाद भी पक्की सड़क नहीं बनी है। इससे लोग कच्ची सड़कों से आवागमन करने को मजबूर है। बारिश में यह मार्ग कीचड़ में तब्दील हो जाते है। इससे आवागमन की समस्या और बड़ जाती है। आवाजाही मुश्किल हो जाती है। ऐसे में मरीजों , गर्भवती महिलाओं को पहुंचाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्कूली बच्चें भी कई दिनों तक स्कूल नहीं जा पातें है। आदीवासी अंचल के गांव ईमलीपठार , सुआखेड़ा , बीजाभेरू व,दातारनगर गांव के मुख्य मार्ग पर कच्ची सड़क है। ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहें है ,लेकिन इन्हे पक्की बनाने की अभी तक मंजूरी नहीं मिल पाई है। जिला प्रशासन व जनप्रति इस ओर ध्यान नहीं दें रहें है।

जिलेभर में पक्की सड़कों का जाल बिछाने का सरकार भले ही दावां कर रही हो, लेकिन इछावर विधानसभा क्षेत्र में कई गांव ऐसे है जो अभी भी सड़क सुविधा से वंचित है। कच्ची सड़क होने से गढ्डों और धूल की समस्या बनी रहती है। वहीं बारिश के चार महीने लोगों को जान जोखिम में डालकर दलदलयुक्त और नदी के बहाव से होकर सफर तय करना पड़ता है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने लगातार प्रशासन को अवगत कराया । इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों से भी सड़क निर्माण की मांग की गई, लेकिन अभी तक किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया।

**अफसर,जनप्रतिनिधि कर रहें अनदेखी :** पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरिसिंह देवड़ा, समाजसेवी सुरपाल बारेला ने बताया कि आदिवासी आहुल्य क्षेत्र में बच्चें एवं कीचड़युक्त मार्ग से रहवासी लंबे समय से परेशान है। दशकों से पक्की सड़क बनाने की मांग की जा रही है लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दें रहा है। लोगों का कहना है कि आदिवासी क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य करने के दावें तो किएं जा रहें है लेकिन मार्ग को पक्का बनाने में अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिला प्रशासन , प्रदेश के जिम्मैदार अफसर सहित जनप्रतिनिधि इस मामले को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।



**चुनाव का करने वाले थे बहिष्कार , प्रशानिक अधिकारियों के आश्वासन पर माने :** इछावर मुख्यालय से महज 5 किमी दूर नयापुरा पंचायत के तहत आने वाले गांव दातारनगर का दो किमी मुख्य मार्ग कच्चा है। जिससे ग्रामीणों सहित विद्यार्थियों को मुख्य सड़क तक आने-जाने में खासी परेशानी होती है। ग्रामीण लंबे समय से पक्की सड़क बनने का इंतजार कर रहें है। हालही में संपन्न हुएं लोकसभा चुनाव के दौरान यहां के ग्रामीणों ने निर्वाचन के बहिष्कार को लेकर रूपरेखा बनाई थी, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों से मिले आश्वासन के बाद उन्होंने चुनाव बहिष्कार का निर्णय वापस ले लिया था।

### गर्भवतियों और मरीजों को चारपाई पर डालकर ले जाते हैं अस्पताल

बारिश के मौसम में उक्त मार्ग दलदल में तब्दील हो जाते है, ऐसे में गर्भवती माहिला और मरीजों को अस्पताल ले जाने के लिए उन्हें चारपाई पर डालकर मुख्य सड़क तक लाना पड़ता है। सुआखेड़ा के पूर्व सरपंच मेहरवानसिंह , संतोष ,देवराज , शांताबाई आदि ने कहा कि डेढ़ महीने बाद फिर बारिश का मौसम आ जाएगा फिर जून से लेकर नवंबर तक आदिवासी परिवार जान जौखिम में डालकर गुजरने को मजबूर होंगें। के लोगों का कहना है कि उनके आवागमन का मुख्य मार्ग अलीपुर सड़क है। जो बीच नदी से होकर जाता है। ऐसे में लोगों को जान जौखिम में डालकर सफर करना पड़ता है। स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भी आने जाने में परेशानी होती है।



फाइल फोटो

### राजस्व मंत्री ने किया था भूमिपूजन

गांव दातारनगर के अकलेश वर्मा, गुलाबसिंह, श्रीपाल, संतोष, सुरेश वर्मा आदि ने बताया कि सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से शासन, प्रशासन से की जा रही है। क्षेत्रीय विधायक एवं वर्तमाान राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा को भी सड़क समस्या से अवगत कराया था। श्रीवर्मा ने वादा किया था कि जल्दी ही सड़क का निर्माण करवा दिया जाएगा। इसके बाद उन्होने सड़क का दो बारे भूमिपूजन भी किया लेकिन भूमिपूजन के सालों बीत जाने के बाद भी समस्या यथावत बनी हुई है।

### प्रस्ताव भेजा है

सुदूर ग्राम संपर्क योजना के तहत उक्त गांव की सड़क बनाने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता के कारण अभी स्वीकृति नहीं मिली है। स्वीकृति प्राप्त होते ही सड़क का निर्माण आरंभ करवा दिया जाएंगा ताकि ग्रामीणों का आवागमन आसान व सुलभ हो सकें।

**शिवानी मिश्रा,** सीईओ जपं

## बुलौआ अभियान ने अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाहों को किया फीका



**सीहोर।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत काम करने वाले गैर शासकीय संगठन विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन एक्सेस टू जस्टिस फेस 2 जिला सिहोर की टीम द्वारा बुलौआ कार्यक्रम का आयोजन पिछले 10 दिनों से लगातार जिले के लगभग 150 गांव में किया जा रहा था। यह कार्यक्रम परंपरागत रूप से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के बीच जाकर किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं ने अपने हाथों में मेहंदी से बाल विवाह मुक्त भारत के स्लोगन लिखे और साथ ही बाल विवाह रोकने के गीत गए। इस कार्यक्रम में 150 गांव की लगभग 15000 महिलाओं ने इस कार्यक्रम में सहभागिता निभाई एवं बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ ली। बुलौआ कार्यक्रम के आयोजन के वजह से किसी भी गांव में अक्षय तृतीया पर बाल विवाह नहीं हुआ।

## आज किया जाएगा तीन दिवसीय शिव महापुराण का समापन, भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा रहेंगे शामिल, भंडारे का किया जाएगा आयोजन

### देश और समाज को चाहिए सत्यम शिवम सुंदरम का भावः पंडित राघव मिश्रा





**सीहोर।** जो मनुष्य धार्मिक अनुष्ठानों में निस्वार्थ भाव से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं, वह निस्संदेह शिव लोक को प्राप्त होते हैं। हम सबके जीवन में सत्यम, शिवम, सुंदरम का भाव होना चाहिए। अर्थात जो सत्य है वही श्रेष्ठ है और श्रेष्ठ ही शिव है। जो शिव है वही सुंदर है और जो सुंदर है वही कल्याणकारी है। हमारा शरीर भी चंद्रमा की तरह कभी घटता और कभी बढ़ता है, इसलिए जीवन में हमेशा शिव की आराधना और उपासना नियमित रूप से करते रहें। शिव की आराधना से ही जीवन आनंदमयी होगा।

उक्त विचार शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में जारी तीन दिवसीय श्री शिव महापुराण के दूसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के बेटे कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा ने कहे। इस मौके पर कथा वाचक साक्षी देवी ने कहा कि हमारे छोटे पंडित श्री मिश्रा ने मात्र 14 साल की आयु में भगवान के वाचक है। उनके भाव शैली बहुत ही मधुर है, ऐसा नहीं लगता कि यह उनकी दूसरी कथा है, उनके भाव और भाषा प्रख्यात कथा वाचक जैसी है और आने वाले समय में वह भी सीहोर का नाम विश्व पटल में रोशन करने की क्षमता रखते है। सोमवार को कथा के दौरान भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा मौजूद रहेगे और दोपहर के बारह बजे आरती के पश्चात भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

रविवार को कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा ने भगवान शिव और माता पार्वती के विवाहोत्सव का वर्णन किया और भजन गायक रविन्द्र सैनी जय मां वैष्णव गुरप सीहोर की संगीतमय प्रस्तुति ने यहां पर कथा का श्रवण करने आए श्रद्धालुओं को नृत्य करने पर विवश कर दिया। श्री सैनी की पूरी टीम भगवान के भजनों के साथ-साथ संगीतमय प्रस्तुति दे रहे है।

### भगवान शिव ने सत्यम शिवम सुंदरम का अनुपम भाव दिया

संपूर्ण सृष्टि को चलाने वाले भगवान शिव ने सत्यम शिवम सुंदरम का अनुपम भाव दिया हैं। शिव नाम ही कल्याण का पर्याय है, आज देश और समाज को इसी सत्यम शिवम सुंदरम जैसा विचार और भाव चाहिए। भगवान शिव ने इस पृथ्वी पर ऐसे मानव समाज की कल्पना की हैं, जहां एक दूसरे के साथ सद्भाव, सहयोग और समन्वय बना रहे। पूरे विश्व को आज भगवान शिव की इसी कल्पना को मूर्त रूप देने की जरूरत हैं। समाज के विषाद को प्रसाद में बदलने की कथा है शिव पुराण। हमें प्रभु शिव की भक्ति उनकी गाथाओं का श्रवण करना चाहिए ताकि हमारा मानस जन्म सुखमय बन सके। उन्होंने कहा कि श्री शिव पुराण की कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा ने मंच से एक से बढकर एक भजनों का बखान किया और श्रद्धालुओं को भोले की भक्ति में डूबो दिया। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति की ओर से समीर शुक्ला, आश्रम के संस्थापक वीपी सिंह, श्रीमती विमला सिंह, राहुल सिंह, श्रीमती निशा सिंह, जिला संस्कार मंच की ओर से जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, कथा वाचक पंडित राहुल व्यास, सामाजिक न्याय विभाग नर्मदापुरम से संतोष शर्मा, प्रकाश यदुवंशी, श्री सिद्ध हनुमान समिति के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, विशाल सेन, प्रकाश अग्रवाल, पप्पी ललवानी, रानी मीना, नटवर कुशवाहा आदि शामिल थे। जिन्होंने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी और ठंडाई आदि का इंतजाम किया।

### शिव-माता पार्वती विवाह की कथा

कथा के दूसरे दिन शिव-माता पार्वती विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि माता पार्वती ने हिमालय राजा के यहां पर जन्म लिया था। पार्वती बचपन से ही भगवान भोलेनाथ को मानती थी। इसीलिए भोलेनाथ से माता पार्वती का विवाह हुआ। उन्होंने कथा सुनाते हुए कहा कि भोलेनाथ व माता पार्वती के विवाह के पहले से ही तारकासुर राक्षस का तीनों लोक में अत्याचार था और उसका वध भोलेनाथ व माता पार्वती के पुत्र से होना था। इसीलिए भोलेनाथ व माता पार्वती का विवाह पहले से ही होना तय था। यानी यह सब लीला भगवान की थी। इस दौरान श्रद्धालुओं को धार्मिक भजनों पर नृत्य करते हुए भी देखा गया।

## भोपाल जाने वाली बसें स्टैंड पर नहीं आतीं सैकड़ाखेड़ी जोड़ पर उतार रहे सवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय पर आज भी बस स्टैंड पर सुविधाएं नहीं हैं। हालत यह है कि भोपाल तरफ जाने वाली सभी बसें बस स्टैंड पर ना जाते हुए सैकड़ा खेड़ी जोड़ से ही टर्न कर ली जाती हैं।

ऐसे में यहीं पर यात्रियों को उतारा और बैठाया जाता है। कई बार तो इन बसों के कारण फोरलेन पर जाम लग जाता है क्योंकि यहां पर इन्हें खड़ा कराने के लिए पर्याप्त जगह भी नहीं है। नए बस स्टैंड के लिए प्लान तो बन गया लेकिन जगह के अभाव में इसका निर्माण ही नहीं हो सका। बस चालकों की सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि वह वाहनों को कहां खड़ा करें। यहां पर बसों को खड़ा करने के लिए नियमानुसार कोई स्टैंड नहीं बने हैं। इसलिए जहां जिसकी मर्जी जहां आती है वह वहीं बसों को खड़ा कर देते हैं। शहर के इस बस स्टैंड से हर रोज करीब 120 बसें आती जाती हैं। इनके खड़े होने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है।



### विजेंद्र नारायण पहलवान का निधन



**सीहोर।** टेनिस और क्रिकेट के राष्ट्रीय खिलाड़ी शैलेंद्र नारायण पहलवान के बड़े भाई और रोहन व चित्रांश के पिताजी विजेंद्र नारायण पहलवान (प्रबंधक पियरलेस कंपनी) का दुखद निधन भोपाल के एक निजी अस्पताल में हो गया है। वह 73 वर्ष के थे और कुछ दिनों से अस्वस्थ्य थे।

## भागवत कथा के श्रवण मात्र से होता है जनमानस का कल्याणः स्वामी सुनीलानंद महाराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

धार्मिक स्थलीय नगरी सिद्धपुर सीहोर के राष्ट्रीय श्री दुर्गादास जी राठौर पार्क गंज सीहोर में कथा व्यास स्वामी सुनीलानंद जी महाराज के श्रीमुख से सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। शनिवार को श्रीमद् भागवत कथा का महात्म्य बताते हुए स्वामी जी ने कहा कि भागवत कथा दैविक... मनुष्य के दैहिक और भौतिक तापों की नष्टकारिणीं और जीवन में ज्ञानमंगल सुख प्रदान करने वाली श्रीमद्भागवत महापुराण कथा मोक्षदायिनी है। भागवत कथा दैविक पुण्य लाभ प्रदान करने के साथ-साथ मनुष्य को निष्काम भक्ति के भाव से जोड़ती है, जिसके चलते मानवता का प्रतिपादन करते हुए मानव जीवन धन्य हो जाता है। श्रीमद् भागवत कथा आयोजक मंडल ने सभी धर्मप्रेमी बन्धुओं माताओं बहनों से आग्रह किया है कि प्रतिदिन दोपहर 3:30 से सांय 6:30 बजे तक चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में अधिक से अधिक सख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त कर अपने जीवन को कृतार्थ करें। कथा में आज शुकदेव जी का आगमन एवं राजा परिक्षीत का जन्म बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

भिलट देव और भानबाबा मंदिर पर होती है हर श्रद्धालुओं की मन्नत पूरी

## आस्था का केंद्र बना भिलट देव भान बाबा स्थान


हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले के भैरूंदा से दो किलो मीटर की दूरी पर भिलट देव भानबाबा का स्थान स्थित है। यहां भिलट देव मंदिर पर यह परंपरा पांच सौ वर्षों से अधिक समय से चली रही परंपरा का अलग महत्त्व है। यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से अपनी मन्नत पूरी करने के लिए भान बाबा को बलि की भेंट देते हैं। जिस भक्त की मन्नत पूरी होती हैं उसके द्वारा भान बाबा को मान में मुर्गा-बकरा आदि के रुप में बलि की भेंट दी जाती है। भान बाबा के मंदिर पर भक्तों का जन सैलाब लगा रहता है। माह के महीने से लेकर बैशाख महीने तक मंदिर पर मान देने का महत्त्व अधिक होता है।

**हजारों की संख्या में महिलाएं पहुंची हैं रुंजनखेड़ी :** हजारों की संख्या में महिलाएं पहुंची रुंजनखेड़ी महिलाएं भान बाबा और भिलट बाबा की पूजा करती हैं। इसके बाद वहीं पर बैठकर प्रसाद लेती हैं। क्षेत्र में महिलाओं का मानना है कि ऐसा करने से उनके घरों में सुख-शांति बनीं रहती हैं। जिससे कोई बाधाएं नहीं आती है। क्षेत्र आस्था और विश्वास का प्रतिक रहा मां रेवा के तट पर बसा होने के कारण यहां पर श्रद्धा और भक्ति में टूट विश्वास है जिसको लेकर क्षेत्र में अनेकों प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं क्योंकि यह कई सिद्ध देवी देवताओं के स्थान भी हैं।



भिलट देव मंदिर जहां पर महा के महीने की पूर्णिमा से महिलाओं द्वारा ढाई दिन का उपवास रखा जाता है। यह उपवास रविवार के दिन महिलाएं रखती है और मंगलवार के दिन रुंजनखेड़ी भीलट बाबा के स्थान पर जाकर व्रत को तोड़ा जाता है। सर्वप्रथम महिलाएं भान बाबा और भिलट बाबा की पूजन-अर्चना करती है। इसके उपरांत वहीं पर बैठकर भोजन प्रसादी लेती है। क्षेत्र में महिलाओं का मानना है ऐसा करने से उनके घरों में सुख शांति के साथ किसी प्रकार की कोई बाधाएं नहीं आती हैं।



## खनिज विभाग की अनदेखी से जिले में जोरों से चल रहा अवैध रेत खनन का कारोबार

# 5 से ज्यादा पोकलेन व जेसीबी अकेले टोडी और नाईहेड़ा में कर रही है अवैध खनन

## नरसिंहगढ़ के शिवपुरा, संडी साका श्यामजी में चल रहा रेत का अवैध खनन





हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

लोकसभा चुनाव में अधिकारियों की व्यस्ततता का लाभ जितना अवैध रेत खनन माफियाओं ने उठाया है उतना शायद ही किसी और ने उठाया हो। जिले में हर जगह माफियाओं में प्रशासन का खौफ खत्म हो चला है और वह अपनी मन मर्जी से अवैध खनन में जुटे हुए हैं। ब्यावरा जनपद के टोडी में 5 से ज्यादा पोकलेन अभी भी बेखौफ काम कर रही हैं।

यही हाल राजगढ़ में आने वाली नाईहेड़ा पंचायत के हैं। सारंगपुर भी इससे अछुता नहीं रहा। यहां पर भी मुरम से लेकर रेत का खनन किया जा रहा है। पिछले दिनों अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग अधिकृत है लेकिन जिले में खनिज विभाग के अधिकारी कभी कभार सड़कों पर दिखाई देते हैं। पूरे जिले में प्रतिदिन अवैध खनन की खबरें प्रकाशित होती हैं। खबर प्रकाशन के बाद संबंधित क्षेत्र के राजस्व अधिकारी कार्यवाही करने के लिए निकलते हैं तब तक खनन माफिया रफूचक्कर हो जाते हैं। कभी कभार खनन माफिया राजस्व अधिकारी के चंगुल में आ जाते हैं और कभी कभी खनिज विभाग भी इन पर कार्यवाही कर देता है। लेकिन इक्का दुक्का कार्यवाही से खनन माफियाओं को कोई फर्क नहीं पड़ता अवैध खनन से लाखों रुपए की आमदनी होती है। इतना ही नहीं खनन माफिया अपने रसूख और साठगांठ बताकर अपना व्यापार खुलेआम चला रहे हैं। अवैध खनन से धरती एवं नदी नाले का सीना छलनी हो रहा है। जगह जगह अवैध तरीके से मुरम, रेत, बजरी निकालने का काम जोरों पर है।

हमारे संवाददाता ने ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया तो पता चला की रेशम केंद्र की जमीन हो या कालीसिंध नदी, कई नदी, नेवज नदी सहित कई नदी नाले की हर कहीं तत्कालीन खुदाई के निशान मिल रहे हैं। किनके इशारे पर इतने बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा है यह तो खनन माफिया ही बता सकते हैं। लेकिन अवैध खनन पर कब रोक लगेगी यह बताने वाले भी कोई नहीं है।

### अकेले टोडी में ही चालू हैं कई खनन पाइंट

सुठालिया के टोडी में ही 5 से अधिक पाइंट ऐसे हैं जहां पर माफियाओं द्वारा अवैध खनन जारी है। लगातार चलती पोकलेन शासन को राजस्व का नुकसान पहुंचाने में दिन रात लगी हुई है। ऐसे में संबंधित अधिकारियों को इसकी जिम्मेदारी लेते हुए कार्रवाई करनी आवश्यक हो गई है।

### बड़ी-बड़ी मशीनों से धड़ल्ले से चल रहा अवैध रेत का कारोबार



जिले की नरसिंहगढ़ तहसील के ग्राम शिवपुरा धाकड़, सुंडी साका श्याम जी में लगातार अवैध रेत का होता है। पार्वती नदी को दिन, रात रेत माफिया द्वारा छल्ली किया जा रहा है, बड़ी-बड़ी जेसीबी बड़ी कंप्लेन मशीनों से धड़ल्ले से अवैध रेत का कारोबार चलता रहता है। दिन हो या रात कोई रोकने वाला नहीं है। खुलेआम अवैध रेत का व्यापार रेत माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि नहीं है उन्हें किसी भी प्रशासनिक अधिकारी का खौफ।

### बिना रायल्टी के ही सप्लाई हो रही है सारंगपुर से मुरम

*एक ट्रॉली मुरम की कीमत 800 रुपए से 1000 रुपए तक है। वहीं एक ट्रॉली रेत की कीमत 4 से 5 हजार रुपए तथा बजरी 2 से 3 हजार रुपए में डाली जा रही है। रेत, बजरी, मुरम के बिना कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है। नगर एवं आसपास के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मकान दुकान सड़क नाली पुल पुलिया आदि के कार्य चल रहे हैं, लेकिन इन कामों पर लगने वाली सामग्री बिना रॉयल्टी के आ रही है।*

### संबंधित पटवारी की लापरवाही या मिलीभगत ?

*क्षेत्र में अवैध उत्खनन का कार्य जोरों पर है। लेकिन उस क्षेत्र के पटवारी या तो अवैध खनन से अनभिज्ञ हैं या उनकी मिली भगत है। तभी तो बड़े पैमाने पर रेत, बजरी, मुरम की भरी हुई ट्रालियां सड़कों पर सरपट दौड़ती हुई दिखाई देती हैं। कुछ दिन पहले हुई थी कार्यवाही फिर वहीं हाल में अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए कुछ ट्रैक्टर ट्रॉली पर राजस्व अधिकारियों ने कार्यवाही कर ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त कर थाने में खड़े किए थे। तथा उनके ऊपर खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई थी जो खनिज विभाग की और से राजस्व वसूली के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़ दिए गए। कुछ दिन मामला टंडा हुआ फिर से अवैध खनन का काम जोरों पर है। शासन द्वारा सड़क निर्माण के लिए टेंडर जारी किए जाते हैं। टेंडर की शर्तों के अनुरूप रॉयल्टी युक्त सामग्री का उपयोग। निर्माण कार्य में हो जिससे निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्वक होकर शासन को राजस्व की आमदनी भी हो सके। लेकिन क्षेत्र की ऐसी कई सड़कें बन चुकी है या बन रही हैं। उन सड़कों में डामर गिट्टी को छोड़ कर सभी सामग्री अवैध तरीके से लगाई गई है। लेकिन इस और किसी का ध्यान नहीं है। आखिर अवैध खनन पर रोक कब लगेगी।*

**कार्रवाई की जाएगी**

इनकी जानकारी मुझे भी मिली थी। जल्दी ही कार्रवाई की जाएगी और अवैध खनन के साथ जो स्टॉक है उसे भी जब्त किया जाएगा।

**मुमताज खान,** खनिज अधिकारी जिला राजगढ़

---

## बखेड़ केंद्र का मामला

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को धमकाना पड़ा भारी, 3 लोगों पर मुकदमा दर्ज




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

बीते दिनों हुए निर्वाचन के दौरान राजगढ़ विधानसभा के मतदान केंद्र कुछ व्यक्तियों द्वारा मतदान दलों से अनावष्यक बहसबाजी एवं कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया गया। यहां तक की छोटे से पद वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को भी धमकाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी के संज्ञान में आने पर उन्होंने इसे गंभीरता से लिया एवं संबंधितों पर एफआईआर दर्ज करवाई है। चुनाव दिवस को सब कुछ ठीकठाक चल रहा था। राजगढ़ विधानसभा के बखेड़ बूथ पर कुछ लोग आकर अनावष्यक दखलंदाजी करने लगी। जब निर्वाचन टीम ने विरोध किया तो उनकी बात भी नहीं मानी गई। बाद में ईवीएम जमा हुई एवं अधिकारियों को सब कुछ बताया गया। इसके उपरान्त युदिष्ठिर मूल रेखा दांगी निवासी बखेड़ की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने तीन व्यक्तियों प्रदीप दांगी, देवकरण दांगी एवं कोमल दांगी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 343 व अन्य के तहत एफआईआर दर्ज की है।

### यहां फोरलेयर सुरक्षा में ईवीएम

इधर, शासकीय महाविद्यालय एवं स्टेडियम के बीच के बड़े हॉलों में सभी मतदान केंद्रों से आई ईवीएम को चार स्तरीय सुरक्षा घेरे में रखवाया गया है। बीएसएफ की फोर्स को इनकी सुरक्षा हेतु तैनात करवाया गया है। इसके अलावा स्थानीय पुलिस बाहरी सुरक्षा देख रही है। यहां एक रजिस्टर भी रखवाया गया है जिसमें आम अगर कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी भी अंदर आ रहें तो उनकी भी एंट्री दर्ज की जा रही है।

---

# बाल विवाह होने से रोका


हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने जिले में अक्षय तृतीया पर बाल विवाह न हो इसके लिए टीमें गठित की गईं हैं। जिला मुख्यालय के साथ-साथ खंड मुख्यालयों पर कंट्रोल रूम गठित किया गया है। बाल विवाह रोकने के लिए जिला, खंड एवं ग्राम स्तर पर अलग अलग समितियां गठित की गईं हैं। जो `बाल विवाह रोकने के दायित्वों का निर्वहन कर रही थीं। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम प्रभारी महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक आकांक्षा मरावी ने बताया कि कंट्रोल रूम को ग्राम दुलई में बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होने पर अबिलंव करारिया पुलिस थाना पुलिस बल की टीम के साथ विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी देते हुए बालक परिवर्तित नाम चिंटू की उम्र 21 वर्ष से कम पाए जाने पर दंडनीय अपराध से अवगत कराया गया। समझाइश के बाद परिवार ने विवाह रोक दिया।

---

## वाटर वर्क्स के सामने बनवाई गई है यह आदर्श प्याऊ

# राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष की पहल पर शुरू हुई 'कुटिया प्याऊ'



**बीते एक हफ्ते में जिले का तापमान, (तापमान डिग्री/सेल्सियस में)**

| दिनांक | अधि. |
|---|---|
| 11.05.2024 | 43.2 |
| 10.05.2024 | 43.8 |
| 09.05.2024 | 44.0 |
| 08.05.2024 | 44.0 |
| 07.05.2024 | 44.0 |
| 06.05.2024 | 42.6 |
| 05.05.2024 | 42.4 |
| 04.05.2024 | 41.2 |

**लू से बचने करें यह उपाय**

- घर से निकलने पर गमछा, रूमाल मुंह, सिर पर लपेटें।
- गर्मी से आकर एकदम ठंडा पानी न पिएं।
- ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ लें।
- गर्मी से अचानक पंखे, कूलर, एसी में न आएं।
- अनावश्यक धूप में न निकलें।
- लू लगने पर चिकित्सकीय सलाह पर उपचार लें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

इन दिनों भीषण गर्मी का दौर चल रहा है और सूर्यदेव अपने पूरे प्रचंड वेग से धरती को तपा रहे हैं। बीते करीब 5 पांच दिनों से दिन का अधिकतम तापमान 44 डिग्री के आसपास बना हुआ है। ऐसे में आमजनों को सुलभ पेयजल मुहैया करवाने राजगढ़ नगर पालिका न नगर में कई जगहों पर प्याऊओं का संचालन शुरू करवाया है।

नपाध्यक्ष विनोद साहू के निर्देशों पर एक आदर्श प्याऊ भी निर्मित करवाई गई है। यहां झौंपड़ी जैसा आकर्षक एवं प्राकृतिक रूप देकर कईं मटके रखवाए गए हैं। यह 'कुटिया प्याऊ' वाटर वर्क्स के ठीक सामने निर्मित करवाई गई है। नगर पालिका एवं पीएचई के ही सेवाभावी कर्मचारियों ने इस प्याऊ को यह रूप दिया है। दिन के समय सैकड़ों लोगों के सूखे कंठों का तर करने का काम यह प्याऊ कर रही है।

---

# पेंशनर संघ की बैठक आयोजित

**जीरापुर।** मध्य प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित हुई। बैठक का आयोजन प्रथम बार नवीन पेंशनर भवन में हुआ। जहां पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने समस्त अतिथियों एवं पेंशनरों का स्वागत करते हुए संघ की गतिविधियों पर प्रकाश डाला, जिसमें वार्षिक कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की गई एवं प्रतिवर्ष की तरह वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन होना तय हुआ है। जिसमें जिले के समस्त पेंशनरों को आमंत्रित किया जाएगा तथा वार्षिक सदस्यता राशि बढ़ाने का निर्णय एवं वार्षिक आय-व्यय पत्र प्रस्तुत किया गया। जिसका सभी ने सर्वानुमति से अनुमोदन किया। बैठक के अध्यक्ष सेवानिवृत्ति उपायुक्त बीरम सिंह चैहान, विशेष अतिथि पूर्व एसडीएम आर एन कुशवाहा, ठाकुर मोहनसिंह जमींदार आर आई ,वरिष्ठ शिक्षक रामचंद्र वर्मा रहे, जहां बैठक में शमशेर खान मंत्री, एम एल अहीरवाल ने आवश्यक सुझाव दिए तथा मतदान की अनिवार्यता पर भी जोर दिया सभी अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें एवं प्रजातंत्र के महायज्ञ को सफल बनाएं। बैठक में प्रमुख रूप से सेवानिवृत शिक्षक पंडित श्यामसुंदर शर्मा, देवीलाल चैहान ,मोहनलाल हिंडोनिया, चुन्नीलाल कुशवाहा, जेसी गुप्ता, बीएल मेवाड़ा ,आरसी चैरसिया के एल वाल ,कंवरलाल जाटव शीला विद्या, श्रीमती रेखा पंचोली सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे। अंत में आभार पंडित दिनेश चंद्र नगर ने व्यक्त किया।

---

# बच्चों का जीवन बचाने चिकित्सक भोपाल से स्वयं ले आए इंजेक्शन

## इंजेक्शन लगने के बाद बच्चे पूरी तरह सुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

गुरुवार को राजगढ़ नगर में दो बड़ी घटनाएं हुईं, जिनमें दो नन्हे बच्चों को आवारा कुत्ते ने हमला कर कई जगहों पर काट लिया। इन दोनों बच्चों को उनके परिजन तुरंत जिला चिकित्सालय ले गए थे, जहां प्राथमिक रूप से मरहम पट्टी आदि की गई।

चूंकि, घाव बड़े थे ऐसे में रेबीज इंजेक्शन के अलावा भी इम्युग्लोबिन नामक इंजेक्शन की बहुत ज्यादा आवश्यकता थी। इसके अभाव में कुत्ते के काटने से पीड़ित किसी भी व्यक्ति/बच्चे को कुत्ते के पागलपन जैसी बीमारी हो जाया करती है। नगर के कुछ प्रबुद्धजनों ने शाजापुर व आसपास के जिलों में इस इम्युग्लोबिन इंजेक्शन को तलाश करवाया लेकिन वो नहीं मिल पाया।

नगर के त्रिपाठी हॉस्पिटल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. गुंजन त्रिपाठी ने बीमारी की गंभीरता को समझा और शुक्रवार दोपहर वे एवं पार्षद प्रतिनिधि संदीप कटारिया दोनों स्वयं भोपाल गए और वहां से इम्यूग्लोबिन नाम के इस इंजेक्शन को लेकर आए और देर रात्रि बच्चों को यह इंजेक्शन लगवा दिए गए। अब बच्चे पूरी तरह सुरक्षित हैं।

### कुत्ते ने इन दो मासूमों को बनाया था शिकार

गांव निवासी देवीसिंह अपनी पत्नी के उपचार के लिए गुरुवार को राजगढ़ आए। वे अपने 5 साल के बच्चे और पत्नी को साथ लेकर एक निजी क्लीनिक जा रहे थे। इस दौरान एक आवारा पागल कुत्ते ने बच्चे पर हमला करते हुए उसके पैर और सिर में काट लिया। घाव इतना तीव्र था कि सिर में 15 टांके लगवाने पड़े। इसी तरह राजगढ़ के कालाखेत मोहल्ला 3 वर्षीय आमिर को भी इसी दिन एक कुत्ते ने काट लिया। आमिर घर के बाहर खेल रहा था तभी कुत्ते ने पीछे से हमला बोला और कमर के पीछे कई जगहों पर काट लिया।

---

# गीता मानस प्रचार समिति में 7 दिवस तक बहेगी धर्मगंगा

## कई सालों बाद रात्रि में आरंभ हुआ यहां कथावाचन



**राजगढ़।** नगर के सबसे प्राचीन पारायण चौक में 10 मई से श्रीमद भागवत कथा आरंभ हुई। कथा आरंभ के पूर्व यहां कलश यात्रा निकाली गई। रात्रि में व्यासपीठासीन संत भृगुसिद्ध पं. नरेंद्र नागर भक्तों को इस कथा का श्रवण करवा रहे हैं। बहुत दिनों बाद रात्रि में पाराण समिति में रात्रि में कथा आयोजन आरंभ हुआ है। कथा के प्रथम दिवस संतश्री ने मानव मात्र जीवन से जुड़ी अनेकों कथाएं श्रद्धालुओं को बताईं। उन्होंने कहा कि दुःख ईष्वर नहीं देता बल्कि व्यक्ति स्वयं, स्वयं के लिए पैदा करता है। ईष्वर को अगर दुख देना होता तो वे आपको इस धरती पर ही नही उतारते। उन्होंने सर्व कल्याण की भावना के साथ व्यक्ति को इस धरती पर जन्म दिया है परन्तु आज व्यक्ति स्वयं के हितार्थ ही सोच रख रहा है। इस कथा हेतु ईष्वर भंडारा गली निवासी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता को माध्यम बनाया है। वे एवं उनकी टीम ही पुनीत कार्य के भागीदार बन रहे हैं।

### कथा श्रवणकर्ताओं को अनेक व्यवस्थाएं

गीता मानस प्रचार समिति के परिसर में इस कथा का आयोजन रात्रि में इसलिए आरंभ करवाया गया चूंकि दिन में गर्मी की अत्यधिक तीव्रता है। आधिकाधिक लोग इस पुनीत कथा का लाभ ले सकें इसके लिए से रात्रिकालीन कथा रखवाई गई।

---



# संकट मोचन बालाजी का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया

**जीरापुर।** नगर के पुलिस थाना परिसर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के संकट मोचन हनुमान (बालाजी) का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया गया। विगत 25 वर्ष पूर्व मंदिर परिसर में बालाजी कि प्राण प्रतिष्ठा की गई थी जहां पर नियमित रूप से प्रतिदिन धार्मिक आयोजन पुजा अर्चना आरती का आयोजन चलता आ रहा है।

### 25 वर्ष पूर्ण होने पर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया गया



इस पावन अवसर पर पूरे मंदिर पर विद्युत साज सज्जा की गई तथा बालाजी का विशेष आकर्षक श्रंगार किया गया। रात्रि में श्री राम भक्त हनुमान सुंदरकांड समिति के तत्वावधान में सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने उपस्थित होकर सुंदरकांड पाठ श्रवणकर लाभ प्राप्त किया। सुंदरकांड के प्रमुख यजमान मोहनसिंह हेड साहब थे। जहां पर मंदिर पुजारी पं. अनुराग शर्मा आचार्य। पुजारी पं.नीतेश शर्मा ने मंदिर पर पूजन करवाया।

---

# शिशु मंदिर में हुआ पूर्व प्राचार्य और नवीन प्रधानाचार्य सम्मान समारोह

## अंयत्र स्थानांतरित हुए शिक्षाविद्वों के कार्यों की प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा




नगर के बड़ाबाग मंदिर रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में शनिवार को पूर्व प्राचार्य लोकेंद्र सिंह मेवाडे. एवं नवीन प्रधानाचार्य श्रीमति ममता शर्मा का सम्मान समारोह शिशु मंदिर समिति द्वारा आयोजित किया गया।

एक वर्ष पूर्ण करने के बाद लोकेंद्र सिंह मेवाड़े का छापीहेड़ा शिशु मंदिर में स्थानांतरण हो गया। वहीं नगर के शिशु मंदिर से नवीन प्रधानाचार्य बनी श्रीमति ममता शर्मा ने मधुसूदनगढ़ शिशु मंदिर में पद संभाला। दोनों ही आचार्य का विद्यालय परिवार एवं समिति परिवार ने प्रतीक चिन्ह एवं शाल श्रीफल के साथ मंगल तिलक कर सम्मान किया एवं उनके अच्छे कार्यां की प्रशंसा की। पदोउन्नति कर मधुसुदनगढ गई श्रीमति शर्मा ने बताया कि मैनें 22 वर्ष पूर्व शिक्षिका के रूप मे विद्यार्थियां को पढ़ाना प्रारंभ किया था। मेरे ससुराल में यहां सभी ने शिक्षा दी है। उसी से प्रेरित होकर मैनें भी इस क्षेत्र में पूरे मन से सेवा की हैं। मेरी बेटी शादी के पूर्व शिशु मंदिर का हिस्सा रही। मैनें इस विद्यालय को हमेशा अपना परिवार माना है। 22 वर्ष पूर्व हमारा छोटा सा विद्यालय हुआ करता था। अब बड़ी बिल्डिंग है। समिति अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने भी उद्बोधन दिया।

**यह रहे मौजूद**

*इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य शिवराजसिंह चौहान, समिति व्यवस्थापक भागीरथ धनगर, समिति के अन्य सदस्य कुलदीपसिंह राठौर, विपिन मिश्रा, इंदरसिंह सौंधिया, कामेश नामदेव, अरुण शर्मा, ब्रजेश वर्मा, श्रीमति शिखा मनोज मिश्रा, श्रीमति सरिता अशोक पालीवाल एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।*

## खबर संक्षेप

### मतदान दल का तिलक लगाकर किया स्वागत



**आष्टा।** जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बागेर में सोमवार को मतदान होगा। इसको लेकर मतदान दल रविवार दोपहर गांव के मतदान केंद्र पर पहुंचा। यहां गांव के रोजगार सहायक ने मतदान टीम का फूल माला पहनाकर व तिलक लगाकर जोरदार स्वागत किया गया। ग्राम पंचायत रोजगार सहायक ने बताया कि गांव में 2187 कुल मतदाता हैं, इनमें 1127 पुरुष व 1060 महिला मतदाता है। वहीं, मुबारकपुर में मतदान टीम का फूल माला और तिलक लगाकर जोरदार स्वागत किया गया। गांव के रोजगार सहायक ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव में कुल 1284 मतदाता हैं, इसमें 656 पुरुष व 628 महिला मतदाता है।

### 100 प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने जुटा अमला



**कोठरी।** सीहोर कलेक्टर प्रवीण सिंह के नेतृत्व में आष्टा के सभी शिक्षक शासकीय, अशासकीय शिक्षक ने एक वचन लिया है की सब घर-घर जायेंगे, अपने शिक्षार्थियों के माध्यम से मत प्रतिशत में अपार वृद्धि लायेंगे। लगातार मतदाता जागरूकता अभियान में नए-नए नवाचार कर शिक्षा विभाग वरिष्ट अधिकारियों के नेतृत्व में नए आयाम गढ़ रहा है। इसी कड़ी में आष्टा, कोठरी के आस पास के बड़े स्कूलों संग सभी मतदान केंद्रों पर,जागरूकता संगोष्ठी, रेली, मानव श्रृंखला, पोस्टर बैनर,रंगोली, गीत, कविता, कलाकारी, चित्रकारी,आदि से मतदाता को रिझाने और मतदान केंद्र तक लाने का संयुक्त, सार्थक प्रयास जारी है। ताकि 13 मई को निर्वाचन में आष्टा इतिहास रच कर। जिला स्वीप गतिविधि के अंतर्गत नव मतदाता से अपील, बच्चों के माता पिता को बूथ तक पहुंचाने के वचन पत्र तैयार कर वाचन, मतदान दलों से आह्वान गीत, सरल इलेक्शन लर्निंग मटेरियल से मतदान प्रक्रिया को आसान करना, कराना और आदर्श मतदान केंद का निर्माण संबंधित बातों पर बाल दिया गया। एसडीएम स्वाति उपाध्याय के निर्देशन में कार्य निरंतर जारी है। सभी का संयुक्त लक्ष्य है मत प्रतिशत में वृद्धि हो। इस मौके पर तहसीलदार पवन कुमार पवैया, मुकेश कुमार सांवले,विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत, बीआरसी तरुण कुमार बैरागी, सीएम राइज प्राचार्य मोहम्मद सितवत खान, माडल स्कूल प्राचार्य सीएल पेठारी , सीताराम वर्मा,जनशिक्षक रजनीकार महेश्वरी,ज्ञान सिंह मेवाड़ा जिला स्वीप प्रभारी संतोष कुमार धनवारे भेरूंदा व अन्य उपस्थित रहे।

### अखंड ब्राह्मण समाज ने मनाया भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रतिभावान बालक-बालिकाओं का किया सम्मान





भगवान परशुरामजी की चरण पादुकाओं की शोभायात्रा निकाली गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अखंड ब्राह्मण समाज आष्टा द्वारा भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। दिनांक 9 मई को सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतिभावान बालक एवं बालिकाओं का सम्मान समारोह के साथ पुरस्कार वितरण का आयोजन रखा गया। दिनांक 10 मई अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर स्थानीय मानस भवन से भगवान परशुरामजी की चरण पादुकाओं की शोभायात्रा निकाली गई। जिसकी अनेक स्थानों पर पूजा कर शौभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे अश्वारोही थे, वहीं ब्राह्मण समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन के 4 नवयुगलों आकर्षक रथों पर सवार किया गया था। शोभायात्रा का समापन मानस भवन में हुआ वैदिक मंडल के सदस्यों द्वारा चारों विधि विधान से विवाह सम्पन्न कराया विवाह समारोह में क्षेत्रिय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रुपेश राठौर,सकल हिंदू समाज के अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने वर एवं कन्याओं को आशीर्वाद प्रदान किया एवं सामुहिक भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर पाठक,यदुनंदन शास्त्री, भवानीशंकर शर्मा, यूएन तिवारी, संजय तिवारी, ऊषा तिवारी ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए। जिसमें बालक औरबालिकाओं ने फैंसी ड्रेस व नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। अतिथियों का समाज अध्यक्ष मनीष पालीवाल, निलेश कुमार शर्मा एडवोकेट, महिला मंडल अध्यक्ष वंदना भारद्वाज, मोना शर्मा ने स्वागत किया। वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर पाठक ने कार्यक्रम को संबोधित किया। स्वागत भाषण अखंड ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मनीष पालीवाल ने दिया तथा आभार परिणय महोत्सव अध्यक्ष धर्मेंद्र गोतम, जन्मोत्सव अध्यक्ष निलेश कुमार शर्मा एडवोकेट ने व्यक्त किया। संचालन संजीव दीक्षित ने किया।

### भगवान परशुराम अदम्य साहस व वीरता के प्रतीक : परमार

भगवान विष्णु के 6वें अवतार भगवान परशुराम अदम्य साहस व वीरता के प्रतीक हैं। भगवान विष्णु के अंशावतार भगवान परशुराम ने हमेशा यह भाव रखा कि जीवन सृष्टि को इसके प्राकृतिक सौंदर्य सहित जीवंत बनाएं रखना था। वे चाहते थे कि यह सारी सृष्टि पशु पक्षियों, वृक्षों, फल-फूल और समूची प्रकृति के लिए जीवंत रहे। उनका कहना था कि राजा का धर्म वैदिक जीवन का प्रसार करना हैं न कि अपनी प्रजा से आज्ञा पालन करवाना। भगवान परशुराम ने शस्त्र



उठाकर धर्म की रक्षा की। यह बातें पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने भगवान परशुराम की जयंती पर अखंड ब्राह्मण समाज आष्टा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहीं। अखण्ड ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को नगर में शोभायात्रा निकाल कर व ब्राह्मण परिणय महोत्सव में चार जोड़ो का विवाह कराया। मानस भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, पार्वती गोशाला के अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह का अखण्ड ब्राह्मण समाज अध्यक्ष मनीष पालीवाल महोत्सव प्रभारी, दिनेश शर्मा, राजेश शर्मा, समाज के संरक्षक प्रेमनारायण शर्मा, हरीनारायण शर्मा, युवा सदस्यगण शुभम शर्मा, गगन तिवारी ने स्वागत कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन संजीव दीक्षित ने किया। पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने समस्त अखण्ड ब्राह्मण समाज का आभार व्यक्त कर भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की बधाई दी।

# पानी छोड़ने के एवज में राशि जमा करने की मांग

### जल संसाधन विभाग ने नपा को लिखा पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर की जलापूर्ति करने वाली पार्वती नदी में पानी समाप्त होने के बाद नगर पालिका ने जल संसाधन विभाग से बात कर रामपुरा डेम से पानी उधार लिया था। नपा ने पानी के एवज में देय वाली राशि को जमा कराने में उदासीनता बरती है। नतीजा बकाया राशि सात करोड़ रुपए से ज्यादा हो गई है। जिसे जमा कराने के लिए जल संसाधन लगातार नपा से पत्र व्यवहार कर रहा है। विभाग ने नपा को पूरी राशि जोड़कर उसका बिल पत्र जारी किया है। इसमें जल्द ही राशि जमा कराने का जिक्र किया गया है।

बता दें कि इस साल पानी समाप्त होने के बाद नगर पालिका ने जल संसाधन विभाग से बात कर रामपुरा डेम से दो बार पानी छुड़वाया है। इसमें एक बार दो लाख और दूसरी बार तीन लाख, कुल पांच लाख रुपए जमा कराए हैं। जबकि राशि उससे ज्यादा बनती है। जल संसाधन विभाग ने नपा को बकाया और अब की पूरी राशि जोड़कर बिल बनाकर दिया है। विभाग की तरफ से जल्द ही नपा को बकाया राशि जमा करने की चेतावनी दी गई है। रामपुरा डेम से आसपास के करीब एक दर्जन से ज्यादा गांव के किसान रबी सीजन में करीब 1750 हेक्टेयर जमीन में सिंचाई करते हैं।

इस डेम से भले किसानों को कम बारिश होने पर रबी सीजन में पानी नहीं मिले, लेकिन आष्टा शहर की जलापूर्ति करने के लिए 4.5 एमसीएम (मिलीयन क्यूबीक मीटर) पानी हर साल ही रिजर्व रखा जाता है। इस पानी को जरूरत के हिसाब से फरवरी से मई महीने के बीच में पार्वती नदी को भरने हर साल छोड़ा जाता है। मामले में जल संसाधन विभाग आष्टा के एसडीओ एमके शर्मा ने बताया कि हमारी तरफ से आष्टा नगर पालिका को लगातार मौखिक रूप से और पत्र लिखकर बकाया राशि जमा करने के लिए कहा जाता है। इस साल तक की पूरी बकाया राशि का बिल बनाकर पत्र के साथ वापस नपा को दिया गया है। इसमें राशि जमा करने का उल्लेख किया है।

### ओवरलोड सामान ढोने से यातायात होता है प्रभावित

**आष्टा।** इन दिनों ट्रैक्टर-ट्रॉली वाहनों से ओवर लोड भरकर लोहा, सरिया, पाईप ले जाए जा रहे हैं। जो वाहन से दस फीट तक बाहर लटकते हैं। उक्त वाहन से बाहर लटकते सरिए, पाइप आदि में कोई संकेत नहीं लगा रहता है। जिसके कारण पीछे आ रहे वाहन को नहीं दिख पाता है। खासकर रात के समय पीछे से वाहन टकरा जाता है। जिससे दुर्घटना होती रहती हैं। वाहन के क्षमता से अधिक सामग्री ढोई जा रही है। वो भी अस्त व्यस्त तरीके से वाहन से कभी कभी सही नही बांधने के कारण पाइप नीचे गिर जाते हैं। हालांकि कोई दुर्घटना नहीं घटी फिर भी ऐसे वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए। वहीं वाहन चालकों को भी जागरूकता का परिचय देना चाहिए। ताकि कोई दुर्घटना न घटे। ओवर लोट वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने आए दिन जागरूकता अभियान भी चलाया जाता है, लेकिन इस के बाद भी इस तरह के हालात बनते रहते है, जिससे दुर्घटनाएं होती है।

### 2 बंदरों की करंट लगने से मौत, किया अंतिम संस्कार

**आष्टा।** जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कुरावर के हाजीपुर गांव में शनिवार को 2 बंदरों की करंट लगने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने मानवता का परिचय देते हुए बंदरों का हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया।अंतिम संस्कार करने वालों में गोपाल ठाकुर, रविंद्र ठाकुर, योगेंद्र ठाकुर, राजेश मालवीय, पिंटू मालवीय आदि मौजूद रहे।

### संगीतमय में सुंदरकांड व भजन का आयोजन

**सीहोर।** जनपद पंचायत सीहोर के ग्राम पंचायत खेड़ली के ग्राम चैनपुरा में संगीतमय में भव्य सुंदरकांड का आयोजन किया गया। सुंदरकांड की कई मंडली आयोजन में शामिल हुई। चैनपुरा के पास ही ग्राम नरेला से शिव वर्मा अपनी भजन मंडल लेकर कार्यक्रम में पहुंचे और भजनों की प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। सुंदरकांड पाठ के बाद महाआरती व प्रसाद वितरण किया गया।

# समर कैम्प का उत्साह उमंग के साथ हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशानुसार सीएम राइज शासकीय उमावि जावर में 12 दिवसीय समर कैम्प का समापन उत्साह, उमंग और आनंदमयी वातावरण में संपन्न हुआ। प्राचार्य नितिन कुमार कौशल ने बताया कि समर कैम्प के समापन अवसर पर अपनी अपनी विधा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विष्यार्थियों को प्रोत्साहित भी किया गया। इस दौरान उप प्राचार्य अजय मिश्रा, गजेंद्र विश्वकर्मा, पवन राठौर, मुनेंद्र सिंह तोमर, अकबर सिद्दीकी, लोकेंद्र सिंह ठाकुर, कमलेश खत्री, रोहित मालवीय, हर्षवर्धन नामदेव, धर्मेंद्र खत्री, कमलेश्वर कुशवहा, बलवान सिंह,दीपक बागवान, संतोष कुमार, मनोज कुमार, मनोहर सिंह सहित पालकगण और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# प्रभात फेरी में मतदाताओं को किया जागरूक, वोट डालने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर में प्रतिदिन 5 बजे प्रभात फेरी निकाली जाती है इसी क्रम में जावर नगर में निकाली प्रभात फेरी में मंडली के सदस्यों ने लोगो से मतदान करने का आग्रह किया और बताया कि आपका एक एक वोट बहुत कीमती है आज होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने बहुमुल्य वोट का प्रयोग करे मतदान अवश्य करे यह हमारा दायित्व भी है और जवाबदारी भी ,लोकतंत्र में वोट के



द्वारा ही हम सरकार चुनते है इसलिए अपना अपने परिवार और नगर के लोगो को बताए ओर मतदान अवश्य करवाये।

### देवास लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान सामग्री लेकर रवाना हुआ दल

# तैयारी पूरी: 2 लाख 80 हजार मतदाता आज करेंगे मतदान





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर

सोमवार को देवास लोकसभा क्षेत्र में चुनाव होगा। इस को लेकर रविवार को शहर के कन्नौद रोड स्थित शहीद भगत सिंह कॉलेज से मतदान दल अपनी सामग्री लेकर मतदान केंद्रो पर रवाना हुए। सुबह से ही कलेक्टर प्रवीण सिंह और एसपी मयंक अवस्थी ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया कि देवास संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आष्टा विधानसभा में मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आष्टा विधानसभा में 335 मतदान केंद्र बनाए गए हैं तथा 2000 से अधिक अधिकारी- कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि आष्टा विधानसभा के अंतर्गत 2 लाख 80 हजार 395 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। मतदान दलों को शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय से मतदान की सामग्री देकर रवाना किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी दिशा निर्देशानुसार कलेक्टर प्रवीण सिंह ने निर्वाचन कार्य व्यवस्था को सुगम और सुविधाजनक बनाने के लिए संसदीय क्षेत्र देवास अन्तर्गत आष्टा विधानसभा क्षेत्र के लिए सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल अधिकारी की देखरेख में शहीद भगत सिंह कॉलेज आष्टा से सामग्री वितरित की। देवास संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आष्टा विधानसभा क्षेत्र में कुल 335 मतदान केंद्र बनाए गए है। जिनमें नगरीय 61 और 274 ग्रामीण मतदान केंद्र शामिल है। जिनमें से 61 क्रिटिकल और 2 वल्नरेबल मतदान केंद्र हैं। संसदीय क्षेत्र देवास के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र आष्टा में 1576 मतदान कर्मी, 36 सेक्टर अधिकारी और कार्यपालिका मजिस्ट्रेट, 36 सेक्टर पुलिस अधिकारी और 4 एफएसटी कर्मचारी तैनात किए गए है। इसके साथ ही विशेष पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र आष्टा में कुल 2 लाख 80 हजार 395 मतदाता है। जिनमें 1 लाख 44 हजार 664 पुरुष मतदाता, 1 लाख 35 हजार 729 महिला मतदाता और 2 अन्य मतदाता शामिल है।

### जावर के ग्राम बमुलिया रायमल के 1205 मतदाता आज करेंगे मतदान

ग्राम बमुलिया रायमल में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी जोरों से चल रही है। यहां पर सोमवार 13 मई को लोकसभा चुनाव का चौथा चरण होना है। इसके अंतर्गत देवास लोकसभा सीट प्रत्याशी के लिए ग्राम जावर क्षेत्र के ग्राम बमुलिया रायमल के 1205 वोटर मतदान करेंगे। यहां के बीएलओ प्रेमनारायण परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बमुलिया रायमल में टोटल 1205 वोट है। जिसमे पुरुष 614 और महिलाओं कि संख्या 591 है। अधिक से अधिक मतदान करें इसके लिए ग्राम पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बीएलओ, सहायक सचिव, सहायिका, आशा कार्यकर्ताओं ने मिलकर घर-घर जाकर मतदान पर्ची का वितरण किया। इसी के साथ ही लोगों को जागरूक कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक हुई संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल सीहोर की श्यामपुर तहसील की बैठक रविवार को चोपड़ा वाले हनुमान मंदिर श्यामपुर मे संपन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष मनीष मेवाड़ा, राष्ट्रीय बजरंग दल जिला उपाध्याय हिरदेश मेवाड़ा, राष्ट्रीय बजरंग दल जिला सचिव राजकुमार सेन, राष्ट्रीय किसान परिषद जिला उपाध्यक्ष धीरज ठाकुर, अधिवक्ता जिला अध्यक्ष रामकृष्ण शर्मा, विजय सिंह मीना सिराडी, जगदीश पाटीदार, शुभम सोनी, जीतेन्द्र मीना, बच्चन मीना, मोहन दांगी खाई खेड़ा, दिनेश नायक सोंडा, शिशुपाल मुख्तार नगर, राजेश मेवाड़ा मगर खेड़ा, अनिल मेवाड़ा, विजय मीना, पप्पू मीना, राहुल मालवीय, बैरागढ़ खुमान, शशिकांत खंडवा, रामभरोस जाट आदि कार्यकर्ता बड़ी सांख्य में उपस्थित रहे। अगामी कार्यक्रम की कार्यकारिणी की बैठक में विशेष रूपसे चर्चा की गई।